तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 12 अगस्त 2024

11 विहिप ने बनाई आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा




12 विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए चर्चा करने ...





## खबर संक्षेप

### खेत से मशीन चोरी

**भिलाई।** खेत से मशीन चौरी करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 112 (2), 303(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि किसान तारण दास का उसका ग्राम नंदिनी खुदनी हरदी रोड भर्री खार में दो एकड खते है। धान के फसल को जानवरों से बचाने के लिए खेत में तार का घेराकर झटका मशीन लगाया है। 8 अगस्त की रात खेत को देखने के लिए पहुचा तो मशीन गायब मिला। खेत में सोलर पैनल से लगे बैटरी के तार भी कटा हुआ थाष करंट लगने वाली मशीन नहीं थी। मशीन को खोजबीन के लिए आस पास देखा गया। खोजबीन पर सड़क के पास एक बाइक खड़ी थी।

### गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** लंबे समय से गांजा की तस्करी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सुचना पर वृंदा नगर केम्प 1 गणेश मंदिर के पास रहने वाली वीरो पति स्व कनेल सिंह 65 वर्ष को 4 किलो 750 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा गया है। महिला के पास से 3 हजार रुपय नगद भी मिला है। महिला लंबे समय से गांजा की तस्करी का कारोबार करती थी।

### एसपी ने किया दो आरक्षकों को निलंबित

**भिलाई।** एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने दो आरक्षकों को निलंबित किया है। जिसमें आरक्षक चौकी स्मृति नगर में पदस्थ विजय कुमार सिन्हा को लाइन अटैच किया गया है। आरक्षक शराब के नशे में दो बार अपने पुलिस कर्मियों से उलझ बैठा था। 6 अगस्त को शराब के नशे में धुत होकर जामुल थाने पहुंचा। जहां समन वारंट मददगार आरक्षक गजेंद्र सिंह के साथ वाद-विवाद करना शुरु कर दिया। आरक्षक कोर्ट के समन और वारंट को छीनने का भी प्रयास किया था। 9 अगस्त को थाना सुपेला में डायल 112 में ड्यूटी पर तैनात आरक्षक रमेश जायसवाल ने जब उसके शराब के नशे में घूमने की शिकायत किया तो उसके साथ भी अभद्रता करने लगा। वहीं दुर्ग कोतवाली थाना पदस्थ आरक्षक किशोर भगत को भी निलंबित किया।

### निगम के तीन कांग्रेसी पार्षदों ने दिया इस्तीफा!

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम के तीन पार्षदों के इस्तीफे की चर्चा पूरे दिन गर्म रही। दो पार्षद निर्दलीय जीतकर आए थे लेकिन कांग्रेस में चले गए थे। वहीं एक पार्षद कांग्रेस पार्टी से ही जीतकर आए थे। ऐसी खबर है कि ये तीनों पार्षद भाजपा ज्वाइन कर सकते हैं। शनिवार को भिलाई निगम के भाजपा पार्षद व वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन का जन्मदिन रहा। तीनों पार्षदों का इस्तीफा विधायक को तोहफा देना माना जा रहा है।

### महादेव सट्टा ऐपः खाते से क्रेडिट व डेबिट

**भिलाई।** महादेव सट्टा ऐप चलाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि कैंप 2 पुरानी मछली मार्केट निवासी मो. शाहिल ने फर्जी खाता और सिम निकालने की शिकायत की थी। भिलाई कैंप 1 निवासी तबरेज खान ठगी से आधार कार्ड, पेन कार्ड लिया। भिलाई नगर निगम आरके कलर्स नाम से दुकान का फर्जी गुमास्ता बनाया। इसके बाद कोटक बैंक में उसके नाम पर फर्जी करंट खाता खुलवा दिया। खाते में 64 लाख रुपए क्रेडिट डेबिट हुआ तो बैंक की विजलेंस टीम ने खाते को फ्रिज कर दिया। इसके बाद बैंक के कर्मचारी आरके कलर्स पहुंचे। संचालक राजू बाघ ने कहा कि दुकान का मालिक वह है, ना कि मो. शाहिल। इसके बाद बैंक के कर्मचारियों ने मो. शाहिल को पकड़ा।

नगर के लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया कांवरियों का स्वागत

# कुसुमकसा से झरन मैया मंदिर पहुंचे 400 कांवरिए, अभिषेक के लिए लिया जल







हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

सावन का महीना भगवान शिव का अत्यंत प्रिय माना जाता है। इसलिए इस माह शिवभक्तों के लिए खासा महत्व रखता है। इस माह लोग भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लेते हैं। वहीं, सावन माह में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने की परंपरा है।

इसके लिए लोग किसी विशेष नदी इत्यादि पवित्र स्थानों से कांवर में जल लेकर आसपास स्थित शिवालयों में जाकर भगवान शिव को जलअर्पित कर उनका अभिषेक कर आशीर्वाद लेते हैं। इसी तरह कुसुमकसा से लगभग 400 कांवड़िए माँ झरन मैय्या मंदिर में जल उठाने पहुंचे। कांवड़ियों श्रद्धालुओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। दल्ली राजहरा का संपूर्ण वातावरण धार्मिक हो गया। कांवड़िए शोभायात्रा निकालकर पहुंचे।

### बोलबम के नारों से गूंजा नगर

झरन मंदिर में हर महिला पुरुष श्रद्धालु पीले वस्त्र धारण करके भोले की भक्ति में रमे हुए दिखाई दिए। श्रद्धालु कांवर उठाए बोल बम के जयकारों के साथ दल्लीराजहरा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए झरन मंदिर पहुंचे। वहां मंदिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में कांवड़िये श्रद्धालु शामिल हुए। जगह-जगह श्रावण मास में श्रद्धा और आस्था का संगम देखने को मिल रहा है। हर कोई श्रद्धालु बिल्वपत्र दूध दही चढ़ाकर तो कोई कांवड़ कलश यात्रा निकाल करके भोले बाबा को प्रसन्न करने में लगे हुए हैं। ऐसा ही भक्तिमय वातावरण दल्लीराजहरा के लिए कुसुमकसा से लगभग 400 कावड़यि माँ झरन मैय्या मंदिर में जल उठाने पहुंचे।

### ओंकारेश्वर शिव मंदिर पलारी में रूद्राभिषेक आज



**गुरूर।** जिले के ऐतिहासिक पुरातात्विक ओंकारेश्वर शिव मंदिर पलारी में 12 अगस्त सोमवार को दोपहर 2 बजे से सामूहिक रुद्राभिषेक व जलाभिषेक का आयोजन किया गया है। मंदिर के पुजारी पं अमित सरस भारती झा ने बताया कि पलारी में अनुमानित चौदहवीं शताब्दी में नागवंशी राजाओं के शासन काल में निर्मित प्राचीन शिव मंदिर है, जो पुरातत्व विभाग के अंतर्गत है। इस मंदिर में सावन महीने के अंतिम सोमवार को सामूहिक रुद्राभिषेक का कार्यक्रम होता है। इस बार सावन के अंतिम सोमवार को रक्षाबंधन का त्यौहार पड़ रहा है, इसलिए 1 सोमवार पहले अर्थात 12 अगस्त को यह कार्यक्रम रखा गया है।

# कार व मोटर साइकिल में टक्कर, दो घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

झलमला-पुरुर मुख्य मार्ग 930 स्थित ग्राम जगतरा के वेयर हाउस के पास मोटर सायकल और कार में जोरदार टक्कर हो गई, जिससे दोनों गाड़ियों के परखचे उड़ गए। वहीं, इस सड़क हादसे में बुजुर्ग मोटर सायकल चालक बुरी तरह से घायल हो गया है।

ग्राम जगतरा स्थित वेयर हाउस के पास रविवार को लगभग 11 बजे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 एनबी 7536 पर सवार दो लोग बालोद से गुरूर की ओर जा रहे थे, तभी ग्राम जगतरा वेयर हाउस के पास अनियंत्रित होकर सामने से आ रही 14वीं बटालियन की कार वाहन क्रमांक सीजी 07 एएम 6007 से टक्कर हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बुजुर्ग व्यक्ति और उनकी बहू डोंगरगाँव से धमतरी जिले के अंगारमोती माता दर्शन करने जा रहे थे, तभी ओवरटेक करने के दौरान सड़क दुर्घटना हो गई। इससे बुजर्ग व्यक्ति पुरेन्द्र के पैर में गंभीर चोट



आई है तथा महिला सकून राजपूत उम्र लगभग 35 वर्ष को हल्की चोट आई है। वहीं, कार का टायर इस हादसे में फट गया है, हालांकि कार में सवार लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। सड़क हादसे के बाद कार में सवार लोगों ने मोटर सायकल सवार लोगों को 108 एम्बुलेंस वाहन के माध्यम से इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल पहुंचाया। अस्पताल में प्रारंभिक इलाज के बाद बुजुर्ग को हायर सेंटर रिफर किया गया। वहीं, महिला का इलाज जिला हॉस्पिटल में जारी है।

# तृतीय सोपान निपुण प्रशिक्षण व जांच शिविर में स्काउट-गाइड को मिली महत्वपूर्ण जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- विकासखंड स्तरीय पांच दिवसीय शिविर में 94 स्काउट गाइड रोवर रेंजर हुए शामिल

भारत स्काउट एवं गाइड का विकासखंड स्तरीय पांच दिवसीय तृतीय सोपान निपुण का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना के साथ शिविर के प्रारंभ हुआ। यह शिविर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी ,ज़िला आयुक्त स्काउट पी सी मरकले तथा गाईड दुर्गेश नंदिनी यादव के निर्देशन एवम के एल गजेन्द्र जिला सचिव, प्रेमलता चंद्राकर डीओसी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।






विकासखंड स्तरीय तृतीय सोपान के शिविर संचालक मिलन सिन्हा ने स्काउट गाइड छात्रों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली तथा राज्य पुरस्कार में लॉग बुक कैसे लिखें, इस पर विस्तार से जानकारी दी। विकासखंड प्रशिक्षक मंडल डौंडीलोहारा ने प्रवेश ,नियम, प्रतिज्ञा, आदर्श वाक्य, चिन्ह सैल्यूट, बाया हाथ मिलाना, तथा स्काउट गाइड रोवर रेंजर के गणवेश की जानकारी, राष्ट्रध्वज, भारत स्काउट गाइड ध्वज, विश्व स्काउट गाइड ध्वज, प्रार्थना, झंडा गीत, राष्ट्रगान, प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान लगाना,पयोनियरिंग, बी पी सिक्स के बारे में स्काउट गाइड छात्रों को प्रशिक्षण दिया। समापन अवसर पर अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एके साहू स्थानीय भारत स्काउट गाइड तहसील संघ डौंडीलोहारा शामिल हुए।

उन्होंने स्काउट, गाइड के छात्रों को कहा कि प्रशिक्षक मंडल द्वारा जो भी सिखाया जा रहा है, उसे अच्छी से लगनपूर्वक सीखें और राज्य पुरस्कार प्राप्त करने को कहा। भोलाराम साहू ने स्काउट गाइड को यातायात के नियमों से अवगत कराया एवं राज्य पुरस्कार परीक्षा के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस शिविर में स्काउट गाइड रोवर रेंजर के 94 स्काउट गाइड रोवर रेंजर उपस्थित थे। कार्यक्रम में ,छगन बंछोर विकासखंड सचिव, नोम साहू संयुक्त सचिव, गाईड कैप्टन हिमा देवहारी, वर्षा रानी देवांगन, रेंजर लीडर केशरीन बैग, रोहणी नायक, हिरमन चोरके, बेनीराम साहू , रोवर लीडर आर एन राणा, स्काउट मास्टर मिलन सिन्हा, छाया नंदा, चंद्रशेखर आडिल का सहयोग रहा।

### राज्यस्तरीय बॉक्सिंग स्पर्धा ...




**बालोद/अर्जुंदा।** संभाग स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भिलाई विकासखण्ड गुण्डरदेही जिला बालोद की कक्षा 12वीं की छात्रा वीणा 19वर्ष ने 44 किलो वजन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, काव्या 9 वीं 17 वर्ष 40 किलो में प्रथम, नवीन कुमार 9 वीं 14 वर्ष 30 किलो में प्रथम, लुकेश ठाकुर 11 वीं 19 वर्ष 88 किलो में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सभी बालक, बालिकाओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इनमें से बालक वर्ग 27 से 30 अगस्त को दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व करेगा आयोजन दुर्ग जेआरडी में होगा। इसी प्रकार बालिका वर्ग का अक्टूबर माह में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता राजधानी रायपुर में दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व करेगी।

## बाड़ी में मिले नवजात के मामले में एक आरोपी पकड़ाया

**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक ग्राम में किसान की बाड़ी में मिले नवजात शिशु के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिल गई है। मामले में कोतवाली पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। वर्तमान में पुलिस जांच जारी है, आने वाले समय मे और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। पुलिस ने आरोपी को धारा 376(2) (एन), 4, 5, 6 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार इस पूरे मामले में आरोपियों की संख्या और बढ़ सकती है, क्योंकि कुछ दिनों पहले गांव में कोटवार ने एफआईआर दर्ज कराई थी कि बाड़ी में खुले आसमान के नीचे एक नवजात शिशु मिला है। इस मामले में भी पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया था, चूंकि किसी नवजात शिशु को इस प्रकार से खुले जगह पर छोड़ देना कानून अपराध है। हालांकि अब तक पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

देश के प्रति सम्मान प्रकट करने घर-घर तिरंगा लगाने किया आग्रह

# कई गांवों का भ्रमण करते झलमला पहुंची भाजपा की तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा ग्रामीण मंडल बालोद द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। बालोद ब्लाक के विभिन्न गांव में भ्रमण करते हुए लोग झलमला चौक पहुंचे। यहां जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, वरिष्ठ नेता यज्ञदत्त शर्मा, मंडल, जिला महामंत्री राकेश यादव, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, उपस्थित रहे। सभी ब्लॉक के विभिन्न गांव घुमका, जगन्नाथपुर, लाटाबोड़, चारवाहि, निपानी, करहिभदर, जगतरा, सिवनी, झलमला पहुँचे। जहां देश की सेवा में शहीद हुए वीर जवानों को माल्यार्पण करते हुए जय घोष लगा करके तिरंगा यात्रा किया।

इस यात्रा का उद्देश्य को बताते हुए जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घर–घर तिरंगा हर घर तिरंगा लगाकर देश के प्रति अपनी श्रद्धा और विश्वास को प्रदर्शित करें और देश की सेवा में कार्यरत सभी जवान की मनोबल को और बढ़ाएं। साथ ही प्रत्येक जवान के साथ देश का हर नागरिक खड़ा है। उनके प्रति हमारी श्रद्धा और विश्वास है। हर घर तिरंगा लगे इस विश्वास के साथ लोगों को प्रेरणा प्रदान करने के लिए ग्रामीण मंडल बालोद द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। इस यात्रा में सभी कार्यकर्ता युवामोर्चा एवं मंडल पदाधिकारी सभी ने साथ मिलकर यात्रा पूरी की।




इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा, जिला महामंत्री राकेश यादव, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, पालक ठाकुर, जिला मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया, देवधर साहू, महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, चित्रसेन साहू रामेश्वर पटेल, भोला राम साहू, अशवन बारले, विकास साहू, बहुर नेताम, तिरंगा यात्र संयोजक अरुण साहू, विस्तारक बिरेंद्र साहू, संतोष साहू, सतानंद साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष पार्थ साहू, संदीप साहू, संजय साहू, कुलदीप यादव, भूपेंद्र सिंह, अजय साहू, संतानु साहू, धर्मेंद्र साहू, दीपक, चिंता, कमलेश निषाद उपस्थित थे।

## 96 पुलिस कर्मियों का हुआ तबादला

**भिलाई।** थानों में कसावट लाने के लिए एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने शनिवार को 96 पुलिस कर्मियों का तबादला सूची जारी की, जिसमें 3 उपनिरीक्षक, 23 सहायक उपनिरीक्षक और 70 प्रधान आरक्षक शामिल हैं। ट्रांसफर सूची में शामिल ज्यादातर वही पुलिस कर्मी शामिल हैं, जो लंबे समय से एक थाने में जमे थे। एक साथ ट्रांसफर की इतनी लंबी सूची निकलने के बाद कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। अब कुछ दिनों बाद चौकी और थाने में जमें प्रभारियों का भफी ट्रांसफर होने की जानकारी मिल रही है।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर राठौर ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**रायपुर।** अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर ने गुढ़ियारी के नया तालाब स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन को चखकर गुणवत्ता की जांच की। साथ ही उन्होंने यहां आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले के अधिकारियों द्वारा गांवों का निरीक्षण किया जा रहा है और योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी ली जा रही है।

### दुर्घटना में घायलों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में घायलों को 1 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परसदा पोस्ट कोड़िया तहसील अहिवारा जिला दुर्ग निवासी शौर्य सिंह कश्यप एवं खुमान सिंह कश्यप की विगत 07 फरवरी 2023 को टक्कर मारो और भाग जाओ वाहन दुर्घटना के चलते गंभीर उपहति हो गई थी। उक्त घटना में गंभीर रूप से घायल शौर्य सिंह कश्यप एवं खुमान सिंह कश्यप को प्रतिकर राशि स्कीम 2022 के तहत सोलेशियम प्रतिकर के रूप में कलेक्टर द्वारा 50-50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### डोंगावकर ने ग्याहवी बार की रक्तदान

**दुर्ग।** जीवन दीप समीति के सदस्य प्रशांत डोंगावकर के द्वारा 11 वीं बार रक्त 'ए' पाजिटिव ब्लड और ईरशाद रजवी ने भी 11 वीं बार 'ए' पाजिटिव ब्लड रक्त दान किया। दोनो ने रक्तदान कर मरीज की जान बचाई। इस दौरान सीएस डॉ हेमंत साहू, डॉ प्रवीण अग्रवाल, तरूणा, टीएस एंथोनी, रोशन सिंह, डेमन एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रबंधकारिणी सदस्य और जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, सदस्य सतीश सुराना, दुष्यंत देवांगन की भूमिका रही।

### आईजी ने ली राजपत्रित पुलिस अफसरों की बैठक

**रायपुर।** क्राइम पर अंकुश लगाने शनिवार को रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने राजपत्रित पुलिस अफसरों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तर पर अपराधों की रोकथाम, लंबित अपराध, मर्ग प्रकरण एवं शिकायतों के निराकरण के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में तीन माह से ऊपर के लंबित अपराध, समस्त गंभीर प्रकरण, अनसुलझे मामलों एवं सपंत्ति संबंधी मामलों की समीक्षा की गई। ऐसे मामलों में अपराधियों का डाटाबेस तैयार कर प्रकरणों के निकाल करने और आवश्यकतानुसार रेंज स्तर पर टीम बनाकर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के आईजी ने निर्देश दिए। चिटफंड अपराधों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और निवेशकों को धन वापसी के लिए समुचित प्रयास करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जमानत प्राप्त बदमाशों द्वारा जमानत के दौरान घटना करने की सूचना पर जमानत निरस्त कराने की कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।

# कांग्रेस-भाजपा का एक-दूसरे पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा और कांग्रेस ने एक दूसरे पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, विश्व आदिवासी दिवस पर रायपुर में आयोजित दो कार्यक्रमों में सरकार के प्रतिनिधि नहीं गए। कांग्रेस ने भाजपा पर आदिवासियों का अपमान करने का आरोप लगाया है। छत्तीसगढ़ की 32 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है, जो अब भाजपा के इस कदम से नाराज है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा, अफवाह व भ्रम फैलाकर अब कांग्रेस विश्व आदिवासी दिवस को लेकर ओछी राजनीति कर रही है। दीपक बैज भी अब आलाकमान के सामने अपना नंबर बढ़ाने की कवायद करके सत्य और तथ्य से परे बातें करने लगे हैं।

## आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में नहीं गए सरकार के प्रतिनिधि : बैज



### कांग्रेस मुद्दा विहीन : ठाकुर

श्री ठाकुर ने कहा, दरअसल कांग्रेस के पास अब कोई मुद्दा है नहीं, इसलिए बेबुनियाद बयानबाजी कर अपने राजनीतिक वजूद की आखिरी लड़ाई से जूझ रही है। कांग्रेस के लोग पहले अपने और अपनी पिछली भूपेश सरकार के आदिवासी विरोधी कारनामों को याद कर लिया करें। उन्होंने कहा, आदिवासी महिला जब राष्ट्रपति बन रही थी, तो कांग्रेस ने पूरा विरोध किया और द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति नहीं बनने देने के लिए पूरा दम लगाया और पूरी कोशिश की कि एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति न बन पाए। भाजपा ने ही आदिवासियों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया, एक आदिवासी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया, यह सही मायने में आदिवासियों का सम्मान है।



### बिरसा मुंडा जयंती मनाएगी भाजपा

श्री ठाकुर ने कहा, वर्ल्ड इंडीजेनस डे का भारतीय संस्कृति के हिसाब से यहां कोई बड़ा महत्व नहीं है। भाजपा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को धूमधाम से मनाएगी जो आदिवासी समाज से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं। कांग्रेस को पचास वर्ष तक आदिवासियों का शोषण करने, उन्हें अपमानित करते रहने के लिए प्रायश्चित करना चाहिये।

### भाजपा का असली मकसद समझ गए आदिवासी- बैज

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा ने पिछले पांच सालों में आदिवासियों को अलग-अलग मुद्दों पर भटकाया और कांग्रेस के ख़िलाफ़ खड़ा किया। नतीजा यह हुआ कि बहुत सी आदिवासी सीटों पर भाजपा को सफलता मिली। भाजपा के इस बहिष्कार ने आदिवासी समाज की आंखें खोल दी हैं और अब वे भाजपा के असली मकसद को समझ गए हैं। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर भाजपा से जवाब से पूछा है कि आदिवासियों की संस्कृति और परंपराओं के खिलाफ क्यों है?

### विधानसभा की जांच समिति ने पांचों संभाग के अफसरों की ली बैठक

# अरबों रुपए का राशन घोटाला जांच समिति ने पूछे 16 सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अरबों रुपए के राशन घोटाले के संबंध में जांच समिति की ओर से खाद्य मंत्रालय से कांग्रेस शासनकाल में हुए घोटाले के मामले में 16 बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। बस्तर और सरगुजा संभाग के फूड अफसरों की बैठक में खाद्य संचालनालय के दोषी अधिकारी खुद को बचाने के लिए दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मामले में समिति ने पांचों संभागों के फूड अफसरों की बैठक ली थी। बैठक में सभी संभाग जिलों के अधिकारियों से कहा गया है कि पूरी जानकारी भेजने के बाद समिति आगे इस मामले में निर्णय लेगी।

सूत्रों ने बताया है कि जांच समिति ने जो जानकारी मांगी है, उसमे माह सितंबर 2022 में प्रदेश की तेरह हजार राशन दुकानों में बीते तीन साल से दिए गए सौ फीसदी कोटा के दिए जाने के बाद बचे चावल, शक्कर आदि की मात्रा की जानकारी मांगी गई है। माह अप्रैल 2022 में दो माह का कोटा एक साथ दिए जाने और वितरण, जनवरी 2022 से जनवरी 2023 तक चावल वितरण, जिन राशन दुकानों में चावल बचा था, उनको फिर से दिए गए चावल की जानकारी मांगी गई है। प्रदेश की तेरह हजार राशन दुकानों में से पांच हजार राशन दुकानों में तीन से पांच महीने का कोटा दिए जाने के बाद दो अरब रुपए के बचत स्टॉक की कालाबाजारी को खाद्यमंत्री दयाल दास बघेल ने विधानसभा में स्वीकार किया है। इसकी राजस्व वसूली और बाजार से खरीद कर रखने के संबंध में जानकारी मांगी गई है। सूत्रों ने बताया है कि संचालनालय में घोटाले का दोषी अधिकारी जूम वीडियो कांफ्रेंसिंग कर नियम विपरीत बाजार से घटिया चावल खरीद कर स्टॉक बराबर करने का काम किया है। विधान सभा सचिवालय के द्वारा 2022 से 2024की अवधि में निलंबित और एफआईआर कराए जाने वाले राशन दुकानों की विस्तार से जानकारी मांगी है। ये भी जानकर मांगी गई है कि राशन दुकानों को दो माह का कोटा देने के बाद तीसरे महीने कोटा किस आधार पर दिया गया।



### 13 हजार दुकानों का बचत स्टॉक, घोषणापत्र गायब

उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने 2016 में पारदर्शी सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश बनाकर आदर्श वितरण प्रणाली लागू की थी। इस प्रणाली ने देश में छत्तीसगढ़ राज्य को पहले स्थान पर स्थापित किया था। कांग्रेस शासन काल में छत्तीसगढ़ राज्य 19वें स्थान पर नीचे चला गया था। बताया जा रहा है कि खाद्य संचालनालय के एक अधिकारी द्वारा मामले में बवाल मचने पर प्रदेश की तेरह हजार राशन दुकानों का बचत स्टॉक का घोषणापत्र गायब करा दिया गया है।

# बृजमोहन बोले-छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्र ने सात हजार करोड़ दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को नई दिल्ली से लौटने पर कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, कांग्रेस नक्सलियों से मिली हुई है और इसके प्रमाण समय-समय पर आते रहते हैं। लोकसभा में उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करने के साथ उन्होंने बताया, केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान से बस्तर में जनजातीय विश्वविद्यालय खोलने पर चर्चा भी की, जिसका परिणाम भी जल्द ही देखने को मिलेगा। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्र ने 7 हजार करोड़ दिए हैं। कांग्रेस के समय में तो पांच साल में 300 करोड़ मिलता था।

विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा, पहले विधायक था तो विधानसभा का नेता था, अब पूरे छत्तीसगढ़ की सेवा करने का मौका मिला है। उन्होंने बताया, संसद का अनुभव बहुत अच्छा रहा। बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है।



उन्होंने बताया, सदन में रायपुर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने का मुद्दा उठाया। इसके अलावा रेलवे की समस्या और विस्तार का प्रश्न उठाया। इस पर आश्वासन दिया गया है कि बहुत जल्द ही ट्रेन रद्द और लेटलतीफी का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रदेश में तीसरी पटरी बिछाने का काम चल रहा है, इसलिए दिक्कत हो रही है। पहले जिस काम में चार दिन लगता था अब तकनीक का उपयोग करके तीन दिन में करने का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने बताया, रेलवे की लगभग 22 परियोजनाएं चल रही है। रेलवे स्टेशनों का विकास किया जा रहा है।

### नक्सलियों से मिली हुई है कांग्रेस

छत्तीसगढ़ में नक्सली घटना को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, हमारी नीति स्पष्ट है। कांग्रेस ने पांच साल में जितने नक्सलियों को नहीं मारा, उससे ज्यादा हमने छह महीने में मार गिराए हैं। उन्होंने कहा, हम तो पहले से कहते रहे हैं कि कांग्रेस नक्सलियों से मिली हुई है। अब गिरफ्तारी भी हो रही है और प्रमाण भी मिल रहे हैं। कांग्रेस नक्सलियों से मिली हुई है इसका प्रमाण समय समय पर सामने आता है। छत्तीसगढ़ी भाषा आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, अभी सिर्फ दो माह ही हुए हैं सांसद बने। छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल होना चाहिए। ये मांग आगे हम उठाएंगे। उन्होंने कहा, बस्तर में जनजातीय विश्वविद्यालय खोलने की केंद्रीय शिक्षा मंत्री से बात की है।

## पार्षदों ने किया आदि योगी का दर्शन

**रायपुर।** बेंगलुरु और मैसूर की शैक्षणिक यात्रा पर गए रायपुर नगर निगम के पार्षदों ने शनिवार को सावन माह में बाबा भोलेनाथ की विशाल प्रतिमा आदि योगी का दर्शन किया। संस्कृति विभाग अध्यक्ष आकाश तिवारी, पार्षद प्रकाश जगत, पुरुषोत्तम चंद्र बेहरा, राजा बंजारे, मनीराम साहू ने दर्शन लाभ प्राप्त किया। महापौर एजाज ढेबर सहित नगर निगम के 50 पार्षद और निगम के 15 अधिकारी इन दिनों शैक्षणिक प्रवास पर हैं।



# प्रौढ़ अब सब्जी, अनाज, फल, रेत, गिट्टी लकड़ी से सीखेंगे अक्षर व अंक ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षा से वंचित लोगों को अब सब्जी, अनाज, फल, रेत, गिट्टी, लकड़ी, खेत-खलिहान आदि के माध्यम से अक्षर व अंक ज्ञान से जोड़ा जाएगा। उन्हें जीवन की चुनौतियों से निपटने का समाधान बताने जीवन कौशल से भी परिचित कराया जाएगा। खेल व गीत के माध्यम से कक्षा को रोचक बनाया जाएगा। असाक्षर लोगों के लिए यह कवायद राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण व एससीईआरटी द्वारा की जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पूरे देश में चलाया जाना है। इस साक्षरता अभियान के जरिए प्रत्येक उम्र के साक्षर व्यक्तियों को शिक्षित करने प्रयास होंगे।

- **शिक्षकों को दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण, शिक्षा से वंचित लोगों को सिखाएंगे जीवन कौशल**

असाक्षरों को शिक्षित करने के लिए ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे वे चीजों को जल्द से जल्द से सीख सकें और लंबे वक्त तक उन्हें याद रखें। इस अभियान से जुड़े लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए खास कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है, जहां उन्हें बताया जाएगा कि किस तरह से इन चीजों का प्रयोग करते हुए लोगों को साक्षर बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति संबंधित शिक्षकों तक इस योजना को पहुंचाएगा।

### शपथ, गीत, प्रार्थना सहित खेल गतिविधियां

राज्य स्तरीय कार्यशाला इस दौरान इसके प्रशिक्षण के लिए आयोजित होगी। साक्षरता कार्यक्रम की निरंतरता बनाए रखने के लिए भी प्रशिक्षकों को प्रेरित किया जाएगा। उल्लास शपथ, उल्लास गीत, उल्लास ताली, सर्वधर्म प्रार्थना, प्रेरणा गीत भी साक्षर कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। शिक्षकों को साक्षरता का महत्व बताने के साथ उल्लास के लिए वातावरण निर्माण के नवाचारी तरीके, सीखने-सिखाने के नवाचारी तरीके भी बताए जाएंगे। दूरस्थ क्षेत्रों में अधिक उम्र वाले व्यक्तियों को साक्षरता कार्यक्रम से जोड़ने में परेशानी होती है। ऐसे में उन्हें अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने टिप्स दिए जाएंगे।

### क्यूआर कोड पर उपलब्ध रहेगी सामग्री

दीक्षा पोर्टल में इससे संबंधित सामग्री उपलब्ध है। क्यूआर कोड के माध्यम से इस सामग्री का अध्ययन किया जा सकता है। एनसीईआरटी के यू-ट्यूब चैनल, उल्लास ऐप में भी पाठ्य सामग्री मौजूद है। इसका भी उपयोग शिक्षण में किए जाने की जानकारी भी प्रदान की जा रही है। असाक्षरों को अक्षर ज्ञान प्रदान करने के अलावा उन्हें जीवन कौशल भी सिखाया जाएगा। इसमें वित्तीय साक्षरता से लेकर कई ऑनलाइन चीजें शामिल हैं।

### महीनेभर में 15 से ज्यादा लोगों की मानव-हाथी द्वंद्व में मौत

# पांच साल से हाथियों में रेडियो कॉलर लगाना बंद, हादसे बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के अलग-अलग वनमंडलों में वर्तमान में साढ़े तीन सौ के करीब हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाका उत्तरी छत्तीसगढ़ है। मानव-हाथी द्वंद्व के कारण पिछले एक महीने में 15 से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं। राज्य में पिछले दो माह में मानव हाथी द्वंद्व की समस्या बढ़ी है। इसकी वजह जानकार हाथियों के मूवमेंट की सही तरीके से मॉनिटरिंग नहीं होना बता रहे हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की गिनती हाथी प्रभावित राज्यों के रूप में होती है। हाथियों की वास्तविक लोकेशन रेडियो कॉलर के माध्यम से ट्रैक हो सकती है। राज्य में पिछले पांच वर्षों से रेडियो कॉलर लगाने का काम बंद है। इसके कारण हाथियों के दल का सही लोकेशन का पता नहीं चल पा रहा है। शुक्रवार को जशपुर वनमंडल के बगीचा नगर पंचायत के रहवासी क्षेत्र में घुसकर एक नर हाथी के कुचले जाने से चार लोगों की मौत की घटना सामने आई है। इसके एक दिन पूर्व कोरबा में मानव-हाथी द्वंद्व में तीन लोगों की मौत हुई है।

### इन जिलों में हाथियों का विचरण सबसे ज्यादा

हाथियों का सबसे ज्यादा विचरण क्षेत्र का इलाका राज्य के सरगुजा, जशपुर, कोरिया और कोरबा वनमंडल है। इन चार वनमंडल में मानव हाथी द्वंद्व से मौत की घटनाएं सबसे ज्यादा घटित हो रही हैं। जशपुर वनमंडल में 10 दिन पूर्व एप के माध्यम हाथी का लोकेशन ट्रैप करने का प्रशिक्षण दिया गया है।

### लोकेशन ट्रेस करने तकनीक एकमात्र साधन

जानकार मानव-हाथी द्वंद्व रोकने तकनीकी मदद लेने की बात पर जोर दे रहे हैं। जानकारों के अनुसार उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन तथा वन्यजीवों की निगरानी के लिए एआई से लैस रिमोट सेंसिंग तथा ड्रोन मैपिंग कैमरा लगाए गए हैं, उसी तरह के उपयोग हाथी प्रभावित वनमंडलों में करने की बात पर जोर दिया है। इससे वनों में अवैध कब्जा से लेकर वनों की वर्तमान स्थिति के बारे में गूगल के माध्यम से जानकारी मिलती रहेगी। इसके साथ ही थर्मल ड्रोन तथा अलर्ट एप के माध्यम से हाथियों की निगरानी करने की बात जानकार कह रहे हैं।

### दल से भटकते नहीं, निकाले जाते हैं

हाथी मामलों के जानकारों के मुताबिक हाथी हमेशा समूह में रहते हैं। नर हाथी की उम्र 15 साल हो जाती है, इसके बाद दल में शामिल हाथी उस नर हाथी को दल से बाहर कर देते हैं। इसकी वजह नर हाथी का समूह के साथ किसी तरह से मैटिंग की स्थिति निर्मित न हो पाए। समूह में 15 साल रहने के बाद दल से निकाले जाने पर नर हाथी अवसाद में आ जाता है। इसके कारण घटनाएं घटित होती हैं।

### राज्य के हाथियों का महाराष्ट्र में डेरा

गौरतलब है कि राज्य के हाथियों का एक बड़ा समूह पिछले तीन वर्ष से महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के जंगल में विचरण कर रहा है। हाथियों के मूवमेंट को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार डेढ़ हजार वर्ग किलोमीटर में एलिफेंट रिजर्व बनाने की योजना बना रही है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश, बांधवगढ़ में राज्य के 50 के करीब हाथी विचरण कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के अन्य वन मंडलों में भी राज्य के हाथियों की धमक है, लेकिन वहां हाथियों को अपने क्षेत्र में आने से रोकने लोग पटाखे चलाने के साथ अन्य गैर जरूरी उपाय कर रहे हैं। ऐसे में हाथी आक्रमक होकर मध्यप्रदेश से लौटकर यहां जनहानि की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

## नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एकसाथ कराने पर भूपेश बोले- संभव नहीं वन नेशन वन इलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव को एक साथ कराने को लेकर भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार वन नेशन वन इलेक्शनकैसे करा सकती है? चुनाव केवल पंचायत और नगरीय निकाय के नहीं होते। चुनाव विधानसभा के भी होते हैं और लोकसभा के भी। जो राज्य सरकार के हाथ में नहीं है, वे वन नेशन वन इलेक्शन के बारे में क्या चर्चा करेंगे। इनकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होगी। वन नेशन वन इलेक्शन संभव ही नहीं है।

संवाददाताओं से चर्चा में गौ-अभयारण को लेकर पूर्व सीएम ने कहा, एक भी जगह नहीं बना है। अभी जो मवेशी हैं, सड़कों और खेतों में घूम रहे हैं। सड़क पर जानमाल का नुकसान हो रहा है और खेतों में फसल का नुकसान हो रहा है। सरकार हाथ पर हाथ धरी बैठी हुई है। किसी भी गांव में जाओ, 100-50 छोटे जानवर दिखेंगे ही। इससे एक तरफ जानमाल का नुकसान हो रहा है और गोबर जहां-जहां पड़े, वहां गंदगी फैल रही है, मच्छर पैदा हो रहे हैं और कई प्रकार की बीमारियां होने की संभावना है।



### फोरपोल लगाने का काम तेजी से चल रहा : वर्मा

# कमल विहार को अंडरग्राउंड बिजली की समस्या से निजात दिलाने में जुटा सीएसपीडीसीएल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में सर्वसुविधायुक्त आवासीय कॉलोनी उपलब्ध कराने के लिए चर्चित कमल विहार में आए दिन बिजली गुल होने से वहां के रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) के इस प्रोजेक्ट ने रहवासियों को तमाम तरह की सुविधाएं देने का वादा किया है, लेकिन अंडरग्राउंड बिजली का सिस्टम सिरदर्द बन गया था। आए दिन बिजली कटौती से वहां के रहवासी खासे परेशान थे। स्थिति यहां तक आ गई कि कमल विहार में लगे ट्रांसफार्मर यार्डों के खराब 11 केवी प्रोटेक्शन पैनल को फोरपोल डीओ यूनिट को बदलने तक की नौबत आ गई। लोगों की शिकायतें राज्य बिजली कंपनी के चेयरमैन पी. दयानंद और कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को मिलते ही सीएसपीडीसीएल और आरडीए के अधिकारियों ने वस्तुस्थिति देखी। आरडीए ने इस खराबी को दूर करने बिजली कंपनी को 1.87 करोड़ रुपए का भुगतान किया। समस्या को दूर करने सीएसपीडीसीएल तत्काल इस खराबी को दूर करने की तैयारियों में जुट गया और खराब ट्रांसफॉर्मर यार्ड को बदलने के लिए 27 फोरपोल लगाने का तेजी से कराया जाने लगा। स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी रायपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा ने बताया कि कमल विहार में अंडरग्राउंड बिजली सिस्टम में खराबी है, उसके कई ट्रांसफार्मर यार्ड खराब हुए हैं। कमल विहार के बिजली सिस्टम को दुरुस्त करने तेजी से काम कराया जा रहा है।



### तैयार कराए गए 17 पोल

मनोज वर्मा ने बताया कि खराब ट्रांसफार्मर यार्ड बदलने के लिए 27 फोरपोल लगाने का काम तेजी से कराया जा रहा है। इनमें से 17 पोल दो से तीन दिनों के अंदर तैयार कराए गए। ठेकेदारों को इसके लिए टेंडर प्रक्रिया से काम दिया गया है। अगले 3 दिनों में सभी 27 फोरपोल का काम पूरा करा लिया जाएगा। काम पूरा कराने कमल विहार के किसी भी सेक्टर में शटडाउन लिया सकता है। सेक्टर वाइस शटडाउन की सूचना भी दी गई है।

## सरल समाधान योजना की अवधि 31 दिसंबर तक बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सरल समाधान योजना की अवधि 31 दिसंबर बढ़ाये जाने की मांग करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसमें यह मांग की गई कि इस योजना में हजारों की संख्या में प्रकरण शामिल हो गये हैं और बहुत सारे नये प्रकरण शामिल होना है। मार्च में अवकाश ज्यादा है, इसलिए इस योजना की समय अवधि 31 मार्च से बढ़ाकर 31 दिसंबर 2024 तक की जाये।

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज व शास्ति के निपटान अधिनियम 2023 की तारीख को 31 दिसंबर तक बढ़ाने का आग्रह किया है। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने पारवानी ने वाणिज्यिक कर मंत्री से अनुरोध किया है कि योजना में हजारों की संख्या में प्रकरण शामिल हो गये हैं, और अभी भी बड़ी संख्या में नए प्रकरण शामिल होना बाकी है। इसीलिए अधिक से अधिक व्यवसायिओं को योजना में शामिल होने का मौका देने इसकी अंतिम तारीख बढ़ाई जाये।



## खबर संक्षेप



### गुरूर में निकाली गई हर घर तिरंगा रैली

**गुरूर।** भारतीय नागरिकों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि इस आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान भी बढ़े। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर प्राची ठाकुर के आदेशानुसार पर नगर पंचायत गुरूर अंतर्गत आजादी का महोत्सव के तहत 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान रैली निकाली गई। इसमें नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### शाला विकास समिति डोंगीतराई के अध्यक्ष बने लक्ष्मीकांत

**बालोद/कलंगपुर।** प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के अनुमोदन व जिला मंडल संगठन द्वारा जोरातराई निवासी डॉ लक्ष्मीकांत साहू को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगीतराई के शाला विकास समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। डा साहू के अध्यक्ष नियुक्त होने पर शाला विकास समिति के सदस्यों सहित ग्रामीण जनों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### कट्टरपंथियों के खिलाफ घड़ी चौक में प्रदर्शन शिवसेना ने फूंका पुतला

**भिलाई।** बांग्लादेश में हुए तख्तापलट की आंच भारत पर भी पड़ी है। बांग्लादेश में रह रहे हिंदू असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इसके अलावा बांग्लादेश में कंट्टरपंथियों के सत्ता में काबिज होने की बात सामने आई है। इसके विरोध में शिव सेना के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को घड़ी चौक में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता सुपेला चौक में एकत्रित हुए, जहां जमकर नारेबाजी की। इसके बाद कट्टरपंथी संगठनों का पुतला जलाया। साथ ही राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इसमें बांग्लादेश से हिंदुओं की सुरक्षित वापसी की मांग की गई। शिवसेना के प्रदेश उप प्रमुख शिवराम के शरवानी ने कहा कि घटना दुर्भाग्यजनक है। छात्र आंदोलन का नाम पर कट्टरपंथी ने इसका संचालन किया। भारत के खिलाफ अर्नगल भड़काऊ बयान दिए जा रहे हैं। इससे भारत का सामाजिक सौहाद्र बिगड़ने की आशंका बढ़ गई है।

### पौधारोपण कर संरक्षण करने की ली शपथ

**भिलाई।** आइसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र एवं सीवी रमण यूनिवर्सिटी रीजनल ऑफिस दुर्ग के विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत राज मिस्त्री जॉब रोल के हितग्राहियों द्वारा पौधरोपण किया गया। इस दौरान एक वर्ष तक अपने द्वारा लगाये गए पौधों की देखभाल करने के लिए लोगो को जागरूक किया गया। संस्था प्रमुख ने बताया की संस्था द्वारा गत 5 वर्षों में इस प्रांगण में अब तक लगभग 500 पौधों का रोपण किया जा चुका है।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने साफ किया कालेज परिसर, लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में दैनिक गतिविधि का आयोजन शनिवार को किया गया, जिसमें इस सत्र में आए सभी नए स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक देवेंद्र कुमार साहू ने एनएसएस की महत्ता पर प्रकाश डाला और स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र को आत्मसात करने की बात कही। सीनियर स्वयंसेवक गजेंद्र कुमार ढीमर ने सभी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और सभी को पढ़ाई के साथ–साथ व्यक्तित्व विकास के सभी क्षेत्रों में आगे रहने की बात कही। सीनियर स्वयंसेवक डिलेश्वर देशमुख एवं विश्वजीत बघेल ने स्वयंसेवकों को अनुशासन के बारे में बताते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन महत्वपूर्ण पहलू है जो आपको आपकी मंजिल तक ले जाने में अहम भूमिका निभाती है। सीनियर स्वयंसेवक लक्ष कुमार साहू ने व्यक्तित्व विकास, टाइम मैनेजमेंट और अनुशासन की बात पर जोर दिया तथा स्वच्छता एवं एकता की ताकत पर प्रकाश डाला। इस दौरान महाविद्यालय में सभी स्वयंसेवकों के द्वारा परिसर की सफाई कर समाज में स्वच्छता का संदेश दिया और महाविद्यालय मैदान में वृक्षारोपण भी किया गया, जिसमें 20 फलदार एवं छायादार पौधे भी रोपे गए।

## घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया दैनिक गतिविधि का आयोजन




### ये रहे मौजूद

पौधारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जेके. खलखो साथ ही महाविद्यालय के सहायक अध्यापक प्रो डीआर वैद्य, प्रो सीडी मानिकपुरी, प्रो शैलेंद्र आर्य, प्रो लोमन टंडन, प्रो दीपाली राव, प्रो सुनीता गणेश जोशी एवं एनएसएस के स्वयंसेवक चंद्रेश यादव, डीपनारायण द्विवेदी, मनीष कुमार, दीपिका, रश्मि, पल्लवी, कल्पना, राजेश, दीपचंद, डेलिस, विकास, जयनारायण, शैलेंद्र, शशिकांत, यमित एवं अन्य स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो जीएन खरे के सफल मार्गदर्शन में हुआ।

**आयोजन**

### किल्लेकोड़ा में हुई शिक्षक-पालक मेगा बैठक

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए चर्चा करने जुटे पालक व शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा में शिक्षक-पालक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कलेक्टर केआर पिस्दा थे, अध्यक्षता प्राचार्य अजय मुखर्जी ने की।विशेष अतिथि जनपद सदस्य राजाराम तारम, सरपंच ललिता गांवरे, वीरेंद्र कुल्हार्य, वायएस मरकाम, एनआर शिवना थे। शासन की ओर से एस.डी.ओ. जल संसाधन विभाग अरुण कुमार बघेल एवं उप अभियंता अभिषेक ठाकुर व स्वाती देवांगन उपस्थित थे।

बैठक में संकुल के शिक्षकों ने 12 बिंदुओं पर प्रकाश डाला। सर्वप्रथम शिक्षक श्री शिवाना ने बस्ता रहित टॉपिक पर विस्तृत जानकारी दी। वेदप्रकाश साहू साल्हेटोला ने मेरा कोना, उमेंद मंडावी मरकामटोला ने छात्र दिनचर्या, नरेंद्र कौर झरनटोला ने बच्चों ने आज क्या सीखा पर प्रकाश डाला। इसी तरह झरनटोला के प्रधानपाठक रामकुमार ठाकुर ने बच्चा बोलेगा बेझिझक, कलीराम दादरे प्रधानपाठक अगरियापारा ने बच्चों की अकादमिक एवं परीक्षा पर चर्चा के संबंध में जानकारियां दी। प्रवीण मानिकपुरी शिक्षक किल्लेकोडा ने पुस्तक की उपलब्धता, श्री मरकाम व्याख्याता ने विद्यार्थियों की आयु, कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण तथा व्याख्याता सीजी पटेल ने जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, नितिन देशमुख संकुल समन्वयक ने न्योताभोज, नूतन चुरेंद्र झरनटोला ने प्रतियोगी परीक्षाओं और छात्रवृत्ति तथा किल्लेकोड़ा की प्रधानपाठक अनीता मेश्राम ने विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा के संबंध में अवगत कराया।








मुख्य अतिथि श्री पिस्दा ने कहा कि छात्र-छात्राओं के प्रति पालक सजग रह सकें, इसके लिए बैठक का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को ललिता गांवरे व राजाराम तारम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता डॉ. बीएल साहसी ने किया। इस दौरान बीच-बीच में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। आभार प्रदर्शन वीरेंद्र कुल्हार्य ने किया।

## अंडा संकुल केंद्र में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा संकुल केंद्र में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें संकुल के 8 स्कूलों के प्रधान पाठक सम्मिलित हुए। इस मेगा पेटीएम में 12 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें पीएस आबादीपारा से .मनोज कोसमा, संतोष पाटिल पीएस गांधी भाठा अंडा,चंद्रहास साहू पीएस अंडा ,संतोषी ठाकुर पी एस चिंगरी, मेघ राज देशमुख पीएस चिंगरी भाठा ,रश्मि साहू सुश्री अंडा, हिमा साहू, अनुरमा शुक्ला शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, चिंगरी से पूजा चंद्राकर व ऋचा अवस्थी अंडा से स्वाति कोठारी, रेणुका चंद्राकर ने विभिन्न बिंदुओं से अवगत कराया। इस अवसर पर पालको सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव, सरपंच ग्राम पंचायत चिंगरी, डीपी चंद्राकर सीएल चंद्राकर, डीडी साहू, योगी सर, अजीत चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, एसएमसी अध्यक्ष अंडा, संकुल प्राचार्य अंडा सीमा जामुलकर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मंच संचालन बीके यदु सिंह व के के सिन्हा ने किया। इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन जीआर साहू ,एसके सिन्हा, कविता लिमजे, सुधा चेलक, समस्त छात्र संघ के पदाधिकारी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।



# अभिप्रेरणा ग्रुप की महिलाओं ने लिया सावन झूला का आनंद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ बूढ़ा तालाब गार्डन बालोद में किया गया आयोजन

छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने एवं अपने सेवा रूपी कार्य के लिए प्रयास में जुटी बालोद की अभिप्रेरणा ग्रुप की महिलाओं ने इस वर्ष भी सावन झूला का अनूठा आयोजन किया। धर्म शास्त्र में सावन के माह में झूले का बहुत ही महत्व वर्णित है, साथ ही सावन में हरे रंग की चूड़ियों का भी महत्व देखने को मिलता हैं, यह आयोजन बालोद एवं बाहर की सभी महिलाओं के लिए था, जहां सभी महिलाएं और युवतियां हरी परी बनकर यानी हरी ड्रेस और साड़ी पहनकर इस आयोजन में शामिल हुई।

प्रकृति की गोद बूढ़ा तालाब गार्डन बालोद में आयोजित इस कार्यक्रम में विविध गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं ने सावन झूले का आनंद लिया। खासतौर से झूला तैयार किया गया था, जिसके चारों ओर परिक्रमा करते हुए गानों पर महिलाओं ने डांस किया। दिल से बंधी एक डोरी, जो दिल तक जाती है, गाने और विभिन्न अन्य गानों पर जमकर झूमीं। महिलाएं हरी–भरी साड़ियों के अलावा खास तरह से श्रृंगार किया था। सबने मिलकर खेल खेले और अपने जीवन का आनंद उठाया। सब अपने बचपन के टैलेंट को भूल चुकी थीं, उसे पुनः याद कर सब का मन हर्षित हुआ, अभिप्रेरणा ग्रुप की महिलाओं का मानना है कि हर महिला अपनी जवाबदारियों में उलझी रहती हैं, ऐसे आयोजन में शामिल हो कर कुछ पल अपने लिए तो जीती हैं।

### हुई विविध प्रतियोगिताएं

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के बीच भजन, गाना, डांस एवं खेल आदि विविध प्रतियोगिताएं भी रखी गईं। इस आयोजन में मिस हरियाली सोनकली पटेल, मिस मैचिंग पदमनी साहू रही, इसके सहित अन्य पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में अभिप्रेरणा ग्रुप की कादम्बिनी यादव, गायत्री साहू, राजेश्वरी तिवारी, तुलसी डोंगरे, शिव श्रीवास्तव, हर्षिता महिलांग, सीमा गुप्ता, डाली साहू, पदमनी साहू, मीना सोनी, कालीन यादव, सोनकली पटेल, भारती सहारे, लोशिका, अर्चना ताम्रकार, नीलम रावटे, कमला वर्मा, टोमिन साहू शामिल हुईं।

# भगवान के बताए मार्ग पर चलने के लिए श्रद्धा और समर्पण चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पूरा जीवन बीत जाता है पर जीवन को सार्थक कैसे बनाएं यह चिंतन नहीं आता। सोचें हम जो धर्म कर रहे है उसे धर्म कहेंगे, धर्म की निर्मलता हमारे अंदर से आनी चाहिए, मानवीय गुणों के विकास से ही आत्मा का उत्थान होता है और यही धर्म है।

महावीर भवन में जीवन दर्शन पर आधारित प्रवचन श्रृंखला पर व्याख्यान में संत ऋषभ सागरजी म सा ने कहा कि जिस तरह जीवन के हर क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए योग्यता चाहिए, उसी तरह धर्म करने के लिए भी पात्रता चाहिए। हमारी आसक्ति जड़ और चेतन के प्रति इतनी है कि हम इसे ही जीवन की प्राथमिकता मान लेते हैं। हमारा सारा प्रयास उन चीजों में अधिक होता है जो छूट जाने वाला है, जो साथ जाने वाला है उसके लिए कोई प्रयास नहीं होता। आत्मा के कल्याण का मार्ग बताने वाले कम मिलते हैं अकल्याण का मार्ग बताने वाले अधिक होते है। भगवान के बताए मार्ग पर चलने के लिए श्रद्धा और समर्पण चाहिए। सिर्फ मनुष्य गति ही ऐसी है जिसमे आत्मा, परमात्मा बन सकती है।प्रीति परमात्मा से करो तो मुक्ति, और जड़ से करो तो बंधन है।

राग वाली वाली प्रीति अशांति का कारण बनता है। वीतराग वाली प्रीति राग, द्वेष, क्रोध मोह, लोभ, अहंकार जैसे भाव बिगाड़ने वाली चीजों से दूर रखता है। जो परमात्मा से प्रेम करता है वो उसके बताये मार्ग का अनुसरण भी करता है तथा वह समस्त जीवों के प्रति प्रेम रखता है। नेमिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक का पर्व एकासना व्रत रखकर मनाया गया। कल व्यख्यान के स्थान पर परमात्मा की अभषेक पूजा होगी।



■ जीवन दर्शन पर आधारित प्रवचन श्रृंखला में संत ऋषभ सागरजी ने कहा-

### सशिमं जामगांव आर में शिक्षा सत्र के द्वितीय पाक्षिक वर्ग का हुआ आयोजन



**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में शिक्षा सत्र 2024–25 का द्वितीय पाक्षिक वर्ग आयोजित किया गया। प्राचार्य पीएल बारले ने अध्यापन नियंत्रण अनुशासन एवं विद्यालयीन गतिविधियों के क्रियान्वयन स्व स्फूर्त कार्य शैली पर प्रेरणादाई मार्गदर्शन दिए। आचार्य दीदियों ने शुक्रवार को नाग पंचमी के अवसर पर बोर्ड में नाग देव का चित्र बनाकर पूजा अर्चना की। प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि जीवन में अनुशासन हर जगह प्रतिभा में निखार लाती है। नागपंचमी उत्सव मनाते हुए प्राचार्य बारले ने कहा कि भारत की संस्कृति और संस्कार अद्भुत है यहां सर्व प्राणी जगत को मैत्री के भाव से देखते हैं। गाय को माता सर्प नाग को देवता मानकर पूजते हैं। वास्तव में हमारे सनातन संस्कार में अहिंसा सर्वोपरि है। एक दूसरे के प्रति सकारात्मक सोच रखते हैं। आचार्य दीदियों ने बोर्ड में नागदेव की चित्र बनाकर पूजा अर्चना की।

## शांति नगर गुरूर में लगा जनसमस्या निवारण शिविर

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर अंतर्गत 27 जुलाई से 10 अगस्त के मध्य जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन नगरीय क्षेत्र गुरूर के विभिन्न वार्डों में आयोजित किया गया। इस दौरान स्थानीय नगरीय निकायों द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं जैसे नल जल आपूर्ति, राशन कार्ड, सामाजिक सहायता योजना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, भवन निर्माण अनुज्ञा, नालियों एवं गलियों की साफ सफाई, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाईट मरम्मत व समस्याओं का निराकरण करना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य था। नगर पंचायत गुरूर शांति नगर गुरूर में जनसमस्या शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वास्थ विभाग, महिला बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग तथा नगरीय निकाय की समस्त शाखा प्रभारी कर्मचारियो के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित रहे। शिविर में प्रार्ची ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी गुरूर के निर्देशानुसार प्राप्त आवेदन जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, सफाई कार्य, लाईट मरम्मत, नल कनेक्शन का त्वरित निराकरण किया गया।









### मड़ियाकट्टा में बाल संसद यूथ एवं इको क्लब के सदस्यों को दिलाई गई शपथ

**डौण्डीलोहारा।** विकासखंड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में बाल संसद यूथ एवं इको क्लब सदस्य, मंत्री परिषद सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजन कर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बाल संसद यूथ एवं इको क्लब के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छात्रों में प्रबंधन व नेतृत्व क्षमता के विकास में बाल संसद का महत्वपूर्ण योगदान होता है।साथ ही शिक्षकों के अभाव में विद्यालय में शैक्षिक व सह शैक्षिक गतिविघियों का संचालन संभव है ।बाल संसद यूथ और इको क्लब के गठन से विद्यालय के अनेक समस्याओ का समाधान संभव है।बाल संसद यूथ एवं इको क्लब अंतर्गत विभिन्न मंत्री परिषद प्रधानमंत्री लीना, अध्यक्ष छबीला, गृहमंत्री हसीना, शिक्षामंत्री मघेन्द्र कुमार, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री ईशा, मध्यान्ह भोजन मंत्री भानेश्वरी, पुस्तकालय मंत्री वेदप्रकाश, खेलकूद मंत्री योगेन्द्र कुमार, कृषि एवं बागवानी मंत्री देवकुमार, सांस्कृतिक मंत्री गीतांजली, कक्षा नायक छठवीं देवेन्द्र कुमार,उपकक्षा नायक रश्मि,कक्षा नायक सातवीं मंयक, उपकक्षा नायक संध्या, कक्षा नायक आठवीं भूमिका, उपकक्षा नायक लोकेन्द्र कुमार। इस तरह समिति गठित विद्यालय व्यवस्था छात्र समस्याओं के आधार पर निर्धारित करेगी। चयनित हुए सभी को बैच नेम प्लेट लगाकर स्वागत कर छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर शिक्षक परसराम साहू,दीनदयाल अटल,भूमिका मोवाड़े उपस्थित रहे।




**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**

तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732

वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है



**शोक संदेश**

आप प्रभु द्वारा बताए गए कर्तव्य पथ पर आसक्ति भाव से भलीभांति आचरण कर, कर्म करते हुए परमात्मा को प्राप्त हुए

जन्म 12.07.1950



स्वर्गवास 03.08.2024

**स्व. श्री दाऊ वीरेन्द्र सिंह चन्द्राकर जी**

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पुज्यनीय पति श्री दाऊ वीरेन्द्र सिंह चन्द्राकर जी का स्वर्गवास दिनांक 03.08.2024 दिन शनिवार को हो गया है। जिसमें आप सपरिवार पधारकर पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें।

दशगात्र एवं संपूर्ण कार्यक्रम - दिनांक 12.08.2024, दिन सोमवार, शांति भोज- 01:30 बजे से
कार्यक्रम स्थल : ग्राम खप्परवाड़ा, जिला बालोद (छ.ग.) | तालाब का कार्यक्रम दोप. 12 बजे तक संपन्न होगा
टीप : कृपया भेंट में साड़ी लेकर न आवें।

**विनीत**
श्रीमती हेमलता चन्द्राकर (पत्नि)
संदीप सिंह चन्द्राकर (पुत्र), सौरभ सिंह चन्द्राकर (पुत्र), आदित्य, अनिरुद्ध (पौत्र)
रितु- लोकेश चंद्राकर, वंदना- मनीष देशमुख, प्रीति- जयेन्द्र चंद्राकर, जेमिनी, वैभव, जीत, अभिनव, अरुणिमा एवं समस्त सौनक परिवार गोरकापार सिरसिदा
मो. 7000810203, 7898383045, 9630474770